an>

Title: Need to implement Schedule Tribe and other Traditional Forest Dwellers Recognition of Forests Rights Act, 2007.

**श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर):** माननीय उपाध्यक्ष जी, सरकार आदिवासी, हरिजनों, पिछड़े वर्ग के लोगों के विकास के लिए बहुत सी योजनाएं बनाती है। शैडयूल ट्राइब और अदर ट्रेडीशनल फॉरेस्ट डवैलर्स रिकोगनिशन आफ फॉरेस्ट राइट एक्ट, 2007 में बना था, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी पता चला है कि कई राज्यों में यह कानून लागू ही नहीं हुआ है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक जी ने ओडिशा में इसे लागू किया है। वहां जमीन का पट्टा बहुत से लोगों को दिया गया है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि यह कानून सभी राज्यों में लागू हो। केंद्र सरकार के मंत्रालय को इसकी निगरानी रखनी चाहिए, वह भी अपना काम नहीं कर रहा है। कृपया इस ओर ध्यान दिया जाए।